>

Title: Regarding illegal recovery of toll tax on the National Highway between Lucknow and Agra.

श्री कौशल किशोर (मोहनलालगंज) : माननीय सभापति, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान नेशनल हाईवे की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। नेशनल हाईवे पर टोल प्लाजा पर कमर्शियल वाहनों के अलावा निजी वाहनों से भी टैक्स वसूला जाता है। इस कारण तमाम टोल टैक्स पर मारपीट भी हो चुकी है। निजी वाहनों में कभी केवल ड्राइवर गाड़ी लेकर चला जाता है कभी हो सकता है उसके पास पैसे न हों लेकिन फिर भी वसूला जाता है। यह गलत तरीका है। यह किस तरह से हो रहा है इस सवाल को लेकर पूरे देश में लोग परेशान हैं। कहीं-कहीं नेशनल हाईवे की स्थिति यह है कि मानक को पूरा नहीं कर रहा है, अधिनिर्मित है या निर्माण कार्य चालू है उसके बावजूद भी टोल टैक्स वसूला जा रहा है। उदाहरण के तौर पर मैं बताना चाहता हूं कि लखनऊ से आगरा तक नेशनल हाईवे खुदा हुआ है, बना नहीं है लेकिन जगह-जगह पर टोल प्लाजा बनाकर टोल टैक्स निजी और कमर्शियल वाहनों से वसूला जा रहा है। इसी तरह लखनऊ से सीतापुर रोड पर मात्र 20 किलोमीटर के अंदर टोल प्लाजा बनाकर टैक्स वसूला जा रहा है जबकि रोड पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है।

मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए सरकार से मांग करता हूं कि प्राइवेट, निजी वाहनों पर टोल टैक्स न वसूला जाए और केवल कमर्शियल वाहनों से वसूला जाए क्योंकि वे पैसा कमाते हैं। निजी वाहनों में तो लोग अपने निजी कामों से जाते हैं। मैं सरकार से मांग करता हूं कि इस संबध में नियम बदलें और निजी वाहनों से टोल टैक्स वसूलना बंद करें।